वर्ष- 22 अंक - 136 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

भूटान में ग्लेशियर झील फटी

गर्म पानी का कुंड बहा, हाईवे-सड़कें उखड़ीं

शुक्रवार ● एजेंसी

भूटान के गासा जिले में गुरुवार रात शिंताफू झील से ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड के बाद बाढ़ में भारी नुकसान हुआ है। पानी के तेज बहाव में गासा का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्शाचु' पूरी तरह बह गया। वहीं, पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा टूटने से ट्रैफिक बंद कर दिया गया है।



लाआ को जोड़ने वाली सड़क को भी नुकसान पहुंचा है। ग्लेशियर झील फटने के बाद संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। ये नदी भारत में पश्चिम बंगाल और असम से होकर गुजरती है। दोनों राज्यों के बॉर्डर एरिया में अलर्ट जारी किया गया है। बंगाल के अलीपुरद्वार में 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।



सांसद रवि किशन ने रखा करवा चौथ का व्रत!

लखनऊ.एजेंसी। गोरखपुर के भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता रवि किशन ने अपनी पत्नी के साथ करवा चौथ का व्रत रखा। उन्होंने दिनभर सिर्फ पानी और कॉफी पी। उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के घर पर उन्होंने पत्नी के साथ करवा चौथ मनाया। ज्ञात रहे कि रविकिशन रोज अपनी पत्नी के पैर छूते हैं।

पति की पूजा के लिए तीन पत्नियों का विवाद थाना पहुंचा

कानपुर.एजेंसी। कानपुर में पति की पहली पूजा कौन करेगा इस पर तीन पत्नियां आपस में भिड़ गईं और मामला थाने पहुंच गया। घंटों तक यह विवाद चलता रहा और तीनों पत्नियां आपस में लड़ती भिड़ती रहीं। पुलिस भी असहाय नजर आई। पुलिस ने पति और तीनों पत्नियों को उनके हाल पर छोड़ दिया। तीनों पत्नियों ने पहले भूखी प्यासी रहकर चौथ माता की पूजा की थी और चंद्रमा को अर्घ्य देने के साथ पति की पूजा की बात आई तो यह विवाद सामने आया।

कांग्रेस की रैली से कारोबारियों को 10 हजार करोड़ का नुकसान

अब सोनिया गांधी को लिखा पत्र

नई दिल्ली ● एजेंसी

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को कांग्रेस की प्रस्तावित महारैली को लेकर राजधानी के कारोबारियों ने अब सोनिया गांधी को पत्र लिखकर रैली की तारीख दिवाली के बाद रखने की बात कही है। व्यापारियों का कहना है कि इस रैली से त्योहार के समय 10 से 12 हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है। इसके पहले व्यापारियों ने राहुल गांधी को भी पत्र लिखा था। इस रैली को लेकर दिल्ली में सीएपीएफ की 270 कंपनियां तैनात की गई है।

आज सड़क पर लगेगी कांग्रेस की संसद

नई दिल्ली.एजेंसी। आज दिल्ली में खरगे के घर पर कांग्रेस डमी संसद लगाएगी। मीरा कुमार इस संसद की अध्यक्षता करेंगी। खरगे चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करेंगे। राहुल गांधी समापन भाषण देंगे।

शिवराजसिंह चौहान को मातृशोक

भोपाल। भोपाल के एम्स में पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान की माता काशीदेवी का निधन हो गया। आज सुबह भोपाल में एक घंटे माता को अंतिम दर्शन के लिए रखा और उसके बाद सीहोर के ग्राम जेत ले जाया गया जहां अंतिम संस्कार आज दोपहर 3 बजे होगा।









कांग्रेस नहीं है प्राधिकरण के जवाब से संतुष्ट

फिर लिखेंगे पत्र किसको कितनी साइज की जमीन दी, किसने कितना पैसा जमा किया वह दी जाए जानकारी, सामूहिक भुगतान की जानकारी ठीक नहीं


इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस के संगठन प्रभारी महामंत्री संजय बाकलीवाल ने रीजनल पार्क के सामने अस्थाई पटाखा दुकान राशि की विस्तृत जानकारी के लिए इंदौर विकास प्राधिकरण में 19 अक्टूबर को पत्र लगाया था। इसका जवाब सम्पदा अधिकारी ने 28 अक्टूबर को बाकलीवाल को भेजा, जो कल 29 अक्टूबर उन्हें प्राप्त हुआ। इस मामले में संजय बाकलीवाल को संतोष नहीं है। क्योंकि प्राधिकरण ने जवाब में बताया कि रीजनल पार्क के सामने रिक्त भूमि पर अस्थाई पटाखा दुकान के लिए इंदौर होलसेल फायर वर्क एसोसिएशन के अध्यक्ष शंकर होतचंदानी ने 23 लाख 56 हजार 80 रु. जमा कराए और इंदौर थोक व खुदरा पटाखा मार्केट ने 32 लाख 44 हजार 448 रु. प्राधिकारी कोष में जमा कराए है, जो करीब 56 लाख रु. दोनों के मिलकर हो रही है। इन दोनों की राशि पर जीएसटी अलग है। प्राधिकरण ने पेड लिस्ट की कॉपी भी कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल को भेजी, जो साथ में पत्र भेजा वह 79 लाख 10 हजार का है और वह पत्र 31 लोगों के भुगतान का पत्र है, जो अलग-अलग जगह के हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि रीजनल पार्क की डिटेल पत्र में नहीं भेजी गई है, जबकि अन्य जगह की डिटेल भेज दी गई है। इनमें यह नहीं बताया गया है कि कितनी जगह अलार्ट दुकानदारों को की गई है और कितने दिनों के लिए की गई है। इस मामले में फिर से पत्र कांग्रेस संगठन महामंत्री इंदौर विकास प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी को लिखेंगे और जब तक प्राधिकरण से जवाब आएगा तब तक दिवाली भी पूर्ण हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस का दर्द यही है कि लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए रीजनल पार्क की जगह देने में प्राधिकरण ने समय लिया था और जो जगह दी गई थी उसका किराया भी एक नहीं दो बार वसूल किया गया था। कांग्रेस को लग रहा है कि उन्हें कम जगह देकर किराया ज्यादा लिया गया और दूसरों को जगह ज्यादा देकर किराया कम लिया गया। जो भी हो अभी तो कांग्रेस और प्राधिकरण के बीच प्रश्न और उत्तर का काम कागज पर शुरू हो चुका है।
































लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ को लेकर पदयात्रा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि









प्रदेश भाजपा के आह्वान पर आज इंदौर में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ बड़ी पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आज सुबह से भाजपाइयों का परदेशीपुरा सुभाष नगर चौराहा पर पहुंचना शुरू हो गया था। आज सुबह से कार्यक्रम की कमान मंत्री



कैलाश विजयवर्गीय ने संभाल ली थी। आयोजन में कई समाजों के पदाधिकारी और समाजजनों के अलावा भाजपाइयों, संत, व्यापारी, उद्योगपति, एनजीओ, अधिवक्ता सहित अन्य का पहुंचना जारी रहा। प्रारंभिक दौर में कई जगह चौराहो पर बेरिकेट्स लगा दिए गए थे जिससे वाहन यात्रा स्थल तक नहीं पहुंच पा रहे थे, इसकी जानकारी जब कैलाश विजयवर्गीय को लगी तो उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी को कहा कि आप वाहन अन्दर आने दो हम पार्किंग की व्यवस्था करा देंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के आने के कारण पुलिस

किन्नर समाजजन रहे आकर्षण का केन्द्र, मुख्यमंत्री के आने के पहले जमा हुए भाजपाई और समाजसेवी, व्यापारी, संत भी पहुंचे



अलर्ट थी। इधर भाजपाई चाह रहे थे कि लोग अपने साधन से आ रहे हैं उन्हें आने दिया जाए। सुबह से विजयवर्गीय ने मैदान संभालकर व्यवस्था को चाकचौबंद करना शुरू कर दिया। जल्दी आए लोगों से मुलाकात भी की और मंच पर पहुंचकर उन्होंने नारे भी लगवाए। आज बड़ी संख्या में किन्नर समाजजन भी पहुंचे थे, जो सुभाष नगर चौराहा पर आकर्षण का केन्द्र बन गए थे। समाचार लिखे जाने तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, केन्द्रीय मंत्री मनसुखभाई मांडविया और भाजपा के जनप्रतिनिधि, मंत्री, पदाधिकारी, भाजपा नेता, कार्यकर्ता भी यात्रा में पहुंच रहे हैं। आज पदयात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में बैनर-पोस्टर भी लगे हैं, पूरे मार्ग को केसरियमय कर दिया गया है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी के कारण पुलिस की व्यवस्था भी चाकचौबंद लगी है। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री के साथ प्रदेश प्रभारी के लिए रथ भी तैयार है। रथ में यह सभी वरिष्ठ लोग सभी का अभिवादन स्वीकारते हुए आगे बढ़ेंगे।पदयात्रा के समापन के बाद पाटनीपुरा चौराहा पर सभा का आयोजन भी होगा, जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री और प्रदेश प्रभारी और मंत्री के उद्बोधन होंगे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी से इस यात्रा का महत्व बढ़ गया है।

भाजपा पार्षद के घर एक दर्जन बदमाशों ने किया हमला

पार्षद पति ने भागकर बचाई जान, समझौते का दबाव, मना करने पर की तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी, आरोपी पक्ष को भी बताया जा रहा है भाजपा से जुड़ा हुआ, विवाद है पुराना

पार्षद का बोर्ड भी चाकू से फाड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के उषागंज स्थित गीतांजलि अपार्टमेंट में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वार्ड 55 की भाजपा पार्षद पंखुड़ी डोसी के निवास पर करीब एक दर्जन बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों का मुख्य निशाना पार्षद के पति सुमित तलरेजा थे। अचानक पहुंचे हमलावरों को देखकर सुमित ने भागकर अपनी जान बचाई। पूरी वारदात बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर संयोगितागंज पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।





पुलिस के अनुसार, फरियादी सुमित पिता रमेशचंद्र तलरेजा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी प्रशांत करोसिया निवासी गाड़ी अड्डा, अंश सिरसिया, प्रिंस सिरसिया, ऋषि सिरसिया तीनों निवासी मुराई मोहल्ला, सुमित खरे निवासी हाट मैदान और विशाल बौरासी निवासी पालदा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि प्रशांत करोसिया अपने साथियों के साथ पहुंचा और पुराने विवाद में समझौते की बात को लेकर गालियां देने लगा।

घर के बाहर लगा बोर्ड चाकू से फाड़ा, गमले और गाड़ियां फोड़ीं

बदमाशों ने घर के बाहर लगा पार्षद का बोर्ड चाकू से फाड़ दिया और मारपीट के लिए सुमित की ओर दौड़े। सुमित घबराकर भागते हुए अपनी मल्टी की दूसरी मंजिल स्थित फ्लैट में घुसे और दरवाजा बंद कर लिया। पीछा करते हुए पहुंचे बदमाशों ने दरवाजे पर लातें मारीं, बाहर रखे गमले, कुर्सियां व गाड़ियां तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी, धरपकड़ जारी

थाना प्रभारी नीरज मेढ़ा के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज में उपद्रवी बिल्डिंग में दौड़ते, हंगामा और तोड़फोड़ करते साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।सूत्रों के मुताबिक आरोपी पक्ष भी भाजपा से जुड़ा होना बताया जा रहा है।

भाजपा युवा मोर्चा में काम करेगी पंवार और जाट की जोड़ी

गुटबाजी में फंसा इंदौर नगर अभी भी इंतजार में

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से युवा मोर्चा में 15 जिलों में अध्यक्ष-महामंत्री की घोषणा की, जिसमें इंदौर जिला और धार नगर भी शामिल है। इंदौर ग्रामीण में अजय पंवार अध्यक्ष और महामंत्री के रूप में विजेन्द्र जाट की जोड़ी अब युवा मोर्चा की गाड़ी को आगे राजनीतिक रूप से खेंचेंगे। लम्बे समय से इस नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा था। अभी भी इंदौर शहर में बदलाव की बयार बाकी है। यहां भी एक दर्जन के करीब युवा भाजपाई दावेदार है और एक-दूसरे की कमजोरी भोपाल भेजकर गुटबाजी साफतौर से दिखाई दे रही है। कुछ कांग्रेस परिवार के बेकग्राउण्ड से आए नेता भी दावेदारी जता रहे हैं। इधर धार नगर में अध्यक्ष तरुण सिसोदिया और महामंत्री रोहित रघुवंशी बनाए गए हैं।

शहर और जिला कांग्रेस पदाधिकारियों को खटखटा रही है फोन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

1 नवम्बर को दिल्ली में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन कर रही है। देश-प्रदेश के साथ इंदौर से भी कांग्रेस पदाधिकारियों को दिल्ली तलब किया गया है। प्रदेश कांग्रेस भी प्रदेश के सभी जिलों पर फोकस कर रही है कि जिला-शहर पदाधिकारी, ब्लॉक मंडलम पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी भी अपने साथियों के साथ अपने-अपने साधनों से पहुंचे। इंदौर शहर कांग्रेस और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष और संगठन महामंत्री दोनों ही कल फोन की प्रक्रिया में व्यस्त रहे। पदाधिकारियों को फोन लगाए गए कि वे कब और कैसे निकलेंगे, क्या साधन है, कितने लोग है और दिल्ली में कहा मिलना है इस पर भी चर्चा होती रही। कई कांग्रेसियों ने दीपावली का सीजन चल रहा है किसी ने घर की परेशानी बताई, किसी ने स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की बात बताई और दिल्ली चलने से किनारा करने की कोशिश की। इधर कांग्रेस की महिला नेत्रियों में दिल्ली जाने के लिए इसलिए उत्साह है कि प्रदेश कांग्रेस ने महिला नेत्रियों के लिए गाडी, रहवास और खाने की व्यवस्था पीसीसी ने कर दी है। फिर भी देखना होगा की कितनी महिलाएं पहुंचती है। कुल मिलाकर शहर और जिला कांग्रेस यही प्रयास कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा पदाधिकारी मंडल स्तर तक के दिल्ली पहुंचे। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता कह रहे हैं कि कार से जाना महंगा पड़ेगा, दिल्ली जाना-आना, ठहरना, खाना खाना सबकुछ महंगा होगा। इधर प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू को प्रदेश में ज्यादा इंदौर राजनीतिक रूप से ठीक लगता है वे भी अभी इंदौर रूकी हुई है और दिल्ली तैयारी को लेकर कुछ नेताओं से चर्चा भी कर रही है। कल कांग्रेसियों को दिल्ली निकलना है, कोई प्लेन से, कोई ट्रेन से, कोई कार से निकलेगा। ज्यादातर ट्रेन से निकलने की जुगत कर रहे हैं। इधर कल सुबह इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर याद करने का दिन है। कल सुबह कांग्रेस दोनों प्रतिमाओं पर आयोजन भी करेगी और उसके बाद कांग्रेसी दिल्ली के लिए कब-कैसे निकलते हैं उसकी सूची भी बन रही है।

कब और कैसे निकलोगे, कौन-कौन साथ में जा रहा है जानकारी ली जा रही है दोनों अध्यक्ष और संगठन महामंत्री रख रहे हैं निगाह

आदि कैलाश यात्रा पर गए इंदौर के युवक की मौत



इंदौर, (नगर प्रतिनिधि)। पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा पर गए इंदौर के एक युवक की मौत की जानकारी सामने आई है। बर्फबारी के बाद आक्सीजन की कमी के कारण सांस लेने में तकलीफ हुई थी, जिसके बाद दोस्त उसे 37 कि.मी. दूर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार इंदौर से 4 दोस्त उत्तराखंड के आदि कैलाश यात्रा पर गए थे, जहां ऊंचाई पर तिलक शर्मा को सांस लेने में तकलीफ हुई, इसके बाद दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, तो वहां हालत में सुधार नहीं हुआ और तिलक की मौत हो गई। परिजन उत्तराखंड प्रशासन से समन्वय बना रहे हैं, कुछ परिजन इंदौर से उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए हैं। उत्तराखंड में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है।

करवा चौथ पर पत्नी नहीं आई तो लगा ली पति ने फांसी

इंदौर, (नगर प्रतिनिधि)। लसूड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका इलाके में करवा चौथ के पर्व पर एक पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली।। पत्नी के मायके से घर न लौटने से नाराज होकर युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका इलाके की है। मृतक की पहचान रितिक पिता जगदीश सोलंकी (24) निवासी देवास नाका, लसूड़िया के रूप में हुई है।प्राथमिक जांच और परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि करवा चौथ के मौके पर रितिक ने अपनी पत्नी को मायके से घर वापस आने के लिए बुलाया था। लेकिन, किसी बात पर पत्नी मायके से वापस नहीं लौटी। इसी बात से आहत और मानसिक तनाव में आकर रितिक ने यह खौफनाक कदम उठा लिया और घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पद के बाद महामंत्री विकास जोशी का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

इन्दौर शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त होने पर विकास जोशी का स्वागत किया गया। दिलीप राजपाल, अजय नारायण सीतलानी, कनुप्रिया सत्तन, मनोहरसिंह तोमर, अब्दुल गफ्फार खान, सुभाष जैन आदि उपस्थित थे।



भाजपा के साथ राजपूत समाज की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत आज सुबह की पदयात्रा के लिए कल राजपूत समाज की बैठक आयोजित की गई।





जैन समाजजनों के बीच राजनेताओं की चर्चा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मास आयोजन के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी भी पहुंचे। जैन समाजजनों की मौजूदगी में राजनेताओं ने भी चर्चा की। डी.के. जैन और महावीर जैन ने स्वागत किया।

ताई ने दी जोशी को बधाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। टीही टनल का कार्य पूर्ण होने का समाचार प्रकाशित होने के बाद पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने रेल मामलों के विशेषज्ञ नागेश नामजोशी को बधाई दी।उन्होंने कहा कि रेल विषय पर नागेश नामजोशी का गहन अध्ययन, नीतिगत समझ और तकनीकी दृष्टि से दिए गए सटीक सुझाव क्षेत्र में रेल विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रहे हैं। सुमित्रा महाजन ने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेल परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए दूरदृष्टि, निरंतर प्रयास और तकनीकी पहलुओं की गहरी समझ आवश्यक होती है। नागेश नामजोशी द्वारा समय-समय पर दिए गए सुझावों ने इन प्रयासों को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विस्तृत चर्चा के दौरान सुमित्रा महाजन ने बताया कि टीही टनल का कार्य पूर्ण होना क्षेत्र के रेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना के लिए लंबे समय तक लगातार प्रयास किए गए।



80 साल की महिला ने 25 लाख बार लिखा राम नाम



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर की 80 वर्षीय श्रीमती लीला बाई पोरवाल (चौमहला वाला) ने 25 लाख बार भगवान राम का नाम लिखने की अपनी इच्छा पूरी कर ली। लीलादेवी की दिनचर्या में एक ही काम था कि बस कॉपी लेकर वे राम नाम लिखने बैठती थी। वे स्वयं मंदिर और रामद्वारा जाकर राम नाम की पुस्तक लाती हैं, श्रद्धा से उसे पूरा लिखती हैं और फिर लिखकर वहीं जमा करा देती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में वे किसी से कोई मदद नहीं लेतीं।

केन्द्रीय मंत्री ने लिखा रेल मंत्री को रीवा ट्रेन के लिए पत्र

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विंध्याचल सोशल ग्रुप के डॉ. आरएन मिश्रा ने बताया कि अम्बेडकर नगर इंदौर रीवा ट्रेन को नियमित करवाने हेतु केन्द्रीय मत्री सावित्री ठाकुर एवं सांसद कविता पाटीदार को ज्ञापन दिया गया था। केन्द्रीय सावित्री ठाकुर ने अम्बेडकर नगरी रीवा ट्रेन के लिए रेलमंत्री अश्विन वैष्णव से मुलाकात कर मांग पत्र और जानकारी दी।

आम आदमी पार्टी ने कहा अस्पताल का काम कब शुरू होगा?

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

आम आदमी पार्टी प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने बताया कि खजराना सिविल अस्पताल का लोग सालों से इंतजार कर रहे है। यादव ने कहा कि अस्पताल के लिए कब टेण्डर जारी होगा और कब काम शुरू किया जाएगा। जबकि वर्षों से 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की मांग उठ रही थी, इस मांग में आम आदमी पार्टी भी मांग का स्वर गूंजाती रही और ज्ञापन भी सौंपा गया। अस्पताल की देरी पर विरोध प्रदर्शन भी किए गए। अनुराग यादव ने बताया कि अब मध्य प्रदेश शासन के ई-टेंडर पोर्टल पर खजराना में 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के निर्माण के लिए 20 करोड़ 41 लाख 39 हजार का टेंडर जारी किया गया है। सरकारी पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार, टेंडर 27 अक्टूबर को प्रकाशित हुआ। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 10 नवंबर 2026 और खोलने की तारीख 12 नवंबर 2026 निर्धारित है। निर्माण कार्य की अवधि 730 दिन दर्ज की गई है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि जनता की लगातार मांग, ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन के बाद टेंडर जारी होना एक महत्वपूर्ण क़ार्य है। हालांकि, टेंडर जारी होना और अस्पताल का निर्माण शुरू होना दो अलग-अलग चरण हैं। जनता अब जानना चाहती है कि ठेकेदार का चयन कब होगा, कार्यादेश कब जारी किया जाएगा और निर्माण कार्य वास्तव में कब शुरू होगा।

नर्मदा वाटर सप्लाई शुरू होते ही लगा देते हैं मोटर, पानी की चोरी से अंतिम छोर तक नहीं पहुंचता पानी

नगर निगम मोटर जब्ती की बड़ी मुहिम चलाने में असमर्थ

महापौर के निर्देश- बोरिंग से कब्जा हटाओ, मोटर जब्ती करो, लेकिन अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार नहीं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर में कम बारिश होने का असर अब दिखाई देने लगा है। बोरिंग सूखने लगे हैं और नर्मदा के पानी पर निर्भरता बढ़ गई है। त्योहारों के दिनों में पानी की कमी और संकट से लोग परेशान हैं। ऐसे में पाइपलाइन पर मोटर लगाने वालों ने यह परेशानी और अधिक बढ़ा दी है। पानी की डिमांड बढ़ते ही लोगों ने मोटर लगाकर पानी स्टोर करना शुरू कर दिया है, जिससे आधा-अधूरा जल वितरण हो रहा है और अंतिम छोर तक पानी पहुंचने से पहले ही खत्म हो रहा है। नगर निगम के सभी जोन में धड़ल्ले से मोटर लगाई जा रही हैं, लेकिन नगर निगम की फील्ड में काम करने वाली टीम अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर सकी है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव लगातार अपने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मोटर लगाकर पानी खींचने वाले रहवासियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दे चुके हैं। उन्होंने कहा है कि नर्मदा लाइन का पानी अंतिम घर तक पहुंचे, यह अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। जल सप्लाई के दौरान अपने वार्ड के अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। रहवासियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए। यदि कम प्रेशर से पानी पहुंच रहा है तो घरों में जांच अभियान शुरू करके मोटर जब्त की जाए। इसके अलावा शहर के बोरिंग से कब्जे हटाने की कार्रवाई भी करें। ऐसे सार्वजनिक बोरिंग, जो 10-15 घरों में पानी दे रहे हैं, उनकी क्षमता बढ़ाई जाए। पाइपलाइन विस्तार की जरूरत हो तो वह भी किया जाए। इसके अलावा ऐसे सार्वजनिक बोरिंग से टैंकर भरने का काम भी करें। वहीं, दूसरी ओर नगर निगम के अधिकारियों की फील्ड में उपस्थिति दिखाई नहीं दे रही है। मोटर जब्ती का अभियान भी ठंडा पड़ा हुआ है। अब तक कोई बड़ी कार्रवाई भी नहीं की गई है। वहीं, जोन स्तर के उपयंत्री नाम नहीं बताने की शर्त पर बताते हैं कि कार्रवाई के दौरान पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलना जरूरी है। मोटर जब्त करने जैसी कार्रवाई के दौरान लोग तरह-तरह के विवाद पर उतारू हो जाते हैं और हमें बेवजह विवादित स्थिति का सामना करना पड़ता है। नगर निगम का अमला यदि एक साथ मिलकर कार्रवाई करे और वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान के साथ ही पुलिस का सपोर्ट मिले, तभी जब्ती की कार्रवाई हो सकती है। इसके अलावा मौका आने पर जनप्रतिनिधि भी कर्मचारियों का सपोर्ट नहीं करते हैं। प्रभावशाली लोगों के सपोर्ट में जनप्रतिनिधि भी खड़े दिखाई देते हैं। निगम की टीम के साथ राजनीतिक सपोर्ट जीरो है, इसीलिए कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

दलित नेता मनोज परमार ने की भाजपा कार्यालय में बैठक

बड़ी संख्या में पहुंचे बलाई समाजजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दलित नेता मनोज परमार के नेतृत्व में कल भाजपा कार्यालय में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में बड़ी संख्या में बलाई महासंघ के पदाधिकारी और समाजजन मनोज परमार के नेतृत्व में पहुंचे थे। संख्या इतनी थी कि कुर्सियां कम पड़ गई। खड़े होकर उद्बोधन सुनना पड़े। मनोज परमार ने भी उद्बोधन में कहा भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसकी मजबूती देश के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी, आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता तथा संवैधानिक मूल्यों के सम्मान पर निर्भर करती है। बैठक में रणवीरसिंह रावत, सुमित मिश्रा, भूपेन्द्रसिंह चौहान, राकेश सोलंकी, भावना चौधरी, आशीष खेड़े, श्रीकृष्ण मालवीय, भेरूसिंह चौहान, अशोक मालवीय, रामप्रसाद सोलंकी, रणजीतसिंह देवलिया, ममता चौहान, चन्द्रशेखर मालवीय, मौना, हिमांशु मालवीय, कुणाल सहित अन्य मौजूद थे।

शुभ दीपावली
ॐ
साईं राम
पोलोग्राउण्ड इंडस्ट्रीयल एरिया, इन्दौर

Happy Diwali
जय भारत मेटल्स
सभी प्रकार के बर्तन के विक्रेता
रविकुमार नंदवानी
रामचंद्र नंदवानी
5-ए, राम-लक्ष्मण बाजार
Mob. 9425352162, 9827062939

Happy Diwali
K.C. Steels
Wholesaler of Cutlery & Fancy Articles
Kishanlal Kukreja 98933 30050
Lokesh Kukreja 98934 69800
24, Shri Mahavir Marg, Indore Ph. : (S) 2542489, (R) 4904355

|| पुण्य स्मरण ||
स्व. मोहनलाल जी साधवानी
पूर्व अध्यक्ष : इन्दौर बर्तन निर्माता एवं विक्रेता संघ, इन्दौर

HAPPY Diwali
SHREE BROTHERS
Nikhil Kalra * Kush Kalra
Raja : 98262-29258
Amit : 98265-02244
21, Mahaveer Marg, Pipli Bazar, Indore-452002

नारंग परिवार
की ओर से
दीपावली
की हार्दिक बधाई
स्व. श्री विशनदासजी नारंग
जगदीश नारंग
(बाबू भाई बर्तन वाले)
9826696960

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
स्वास्तिक
स्टील सेन्टर
स्टेनलेस स्टील बर्तनों के थोक विक्रेता
37, प्रिंस यशवंत रोड, इन्दौर. मो. : 9826731301

शुभ दीपावली
मे. राधाकृष्ण रोड़ीदास नेमा
दिनेश नेमा • रमेश नेमा
मो. 9907054332
स्टेनलेस स्टील बर्तन के विक्रेता
1, कसेरा बाजार, इंदौर | फोन : 0731-2540231

दीपावली महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मे. रामजीदास शिवनारायण गर्ग
5, कसेरा बाजार, इन्दौर

खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मे. गोपीलाल हीरालाल तिवारी
सभी प्रकार के पूजा बर्तन के थोक व खेरची विक्रेता
मितेश तिवारी
9425348048
38, कसेरा बाजार, इन्दौर

Happy Diwali
JANTA CROCKERY HOUSE
Expect More Pay less
JCPL MODERN LIVING
HI-LUXE THE ART OF LIVING
Murtaza Faizy : 9302552052 • Zamin Faizy : 98260-38852
291 (369), Jawahar Marg, Pipli Bazar Chouraha, INDORE Ph. 0731-2435037
E-mail: murtaza.faizy.mf@gmail.com, zamin.faizy@gmail.com

शुभ दीपावली
मुरलीधर बंसीलाल भूतड़ा
मुरलीधर भूतड़ा, रवि भूतड़ा
निहालपुरा इन्दौर - 98261 99989

BKD
बर्तन व्यवसायी
8962672996, 8959928188
दीपावली की हार्दिक बधाई
बाबुजी की दुकान
बर्तन बाजार, इन्दौर (म.प्र.)- rajat2711jain@gmail.com, Insta- babuji_ki_dukan_bkd

Sajan Sajni
शुभ दीपावली
साजन-सजनी सिल्वर टच एल्युमीनियम,
स्टेनलेस स्टील, सिल्वर टच,
बर्तन, कुकर, ओवन, मिक्सर के थोक विक्रेता
भगवानदास शम्भुमल रहेजा
सभी प्रकार के बर्तनों के थोक विक्रेता
5-F, रामलक्ष्मण बाजार, इन्दौर मो. 9516666618, 9827031435

Happy Deepwali
AVON
HOTELWARE
A HOTEL & CATERER'S STUDIO
Javed : 98260-44866
33/2, Pipli Bazar, Indore
email : avonhotelware@gmail.com

दिवाली
के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
हिरेन शाह • नीरज शाह

दिवाली पर होगा बाबा रणजीत का विशेष शृंगार

18 नवंबर को लगेगा 56 भोग, होगा भंडारा

इंदौर। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर 5 दिवसीय दीपावली पर्व की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। दिवाली पर बाबा का विशेष शृंगार किया जाएगा। इसके बाद 18 नवंबर को आंवला नवमी पर भंडारा होगा। अन्नकूट महोत्सव पर भी बाबा का विशेष शृंगार होगा और 56 भोग भी अर्पण किए जाएंगे।

शहर के मंदिरों में दीपावली पर्व से पहले साफ-सफाई के अलावा सज्जा की विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रणजीत हनुमान मंदिर पर निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में मंदिर की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि 5 दिवसीय दीपोत्सव के दौरान रोजाना बाबा का विशेष शृंगार होगा।



दिवाली पर बाबा रणजीत विशेष पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। साल में दो बार अन्नकूट महोत्सव मनाया जाता है। हनुमान जयंती के बाद आने वाले मंगलवार और आंवला नवमी पर यह पारंपरिक आयोजन होता है, इसकी भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। चलित प्रसादी वितरण आंवला नवमी पर होगा। मंदिर में विशेष विद्युत सज्जा भी की जाएगी। मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मुख्य द्वार एक दिन के लिए खोलने की योजना भी बनाई जा रही है।

दिवाली बाद होगी प्रभातफेरी की तैयारी

रणजीत हनुमान मंदिर का प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रणजीत अष्टमी पर होने वाले उत्सव मनाए जाएंगे। साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को प्रभातफेरी निकाली जाएगी। दिवाली के बाद इसकी तैयारियां शुरू होंगी। इसके लिए बैठक का आयोजन भी भक्त मंडल, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया जाएगा।



अग्रवाल महिलाओं का सामूहिक करवाचौथ उद्यापन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री अग्रसेन क्लब ने करवाचौथ पर इस वर्ष भी अग्रवाल समाज की मातृशक्तियों के लिए सामूहिक उद्यापन का आयोजन पाटीदार भवन पर करवाया। इन 31 महिलाओं के लिए 700 से ज्यादा मातृशक्तियां मौजूद रही। फिल्मी गीतों पर डांस और गरबा भी किया गया। कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। 50 महिलाओं ने इनाम भी जीते, जिन्हें पुरस्कृत किया गया। चौथमाता का पूजन, चन्द्रमा को अर्घ्य देने के साथ भोजन का आयोजन भी कराया गया।

राठौर क्षत्राणी ग्रुप का करवा चौथ उत्सव



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राठौर क्षत्राणी सोशल ग्रुप से जुड़ी मातृशक्तियों ने कल करवा चौथ पर सामूहिक उत्सव का आयोजन किया। चौथ माता का सामूहिक पूजन और चन्द्रमा को अर्घ्य दिया गया। क्षत्राणी एक जैसी वेशभूषा में सोलह शृंगार कर पहुंची थी।



ताराचंद सेंटर की बालिका दिल्ली में करेंगी प्रतिनिधित्व

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की 13 वर्षीय दिव्यांशी गिरवाल राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता 31 से 5 नवंबर दिल्ली में प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कोच कल्याणी कोगे को बनाया गया है। दिव्यांशी गिरवाल प्रदेश की ओर से इस प्रतियोगिता में 54 किलोग्राम वजन में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इन्हें रमेश मिस्त्री पहलवान ने कुश्ती का प्रशिक्षण दिया है।



पोरवाल ग्रुप की 150 महिलाओं ने लिया जल संरक्षण संकल्प

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री पशुपतिनाथ पोरवाल सोशल ग्रुप ने दस्तूर गार्डन में आयोजित करवा चौथ उत्सव आयोजित किया। इस अवसर पर 150 से अधिक दम्पतियों ने जल संरक्षण का संकल्प भी लिया। आरओ का पानी अन्य जगह उपयोग करने सहित अन्य संकल्प लिए गए। प्रतियोगी गेम भी आयोजित कराए गए। दिनेश गुप्ता, अरविंद मुजावादिया, श्रीपाल मादलिया, अनिल पोरवाल, लोकेश घाटिया, नितेश घाटिया आयोजन से जुड़े रहे।

आज से तीनों दिनों तक जत्रा का आयोजन

फूड स्टॉल लगेंगे और 35 कलाकार देंगे लावणी की प्रस्तुति



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मराठी समाजजन तीन दिनों तक गांधी हॉल के पोद्दार प्लाजा में अलग-अलग दिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यहां आज से तीन दिनों तक मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट द्वारा आयोजित जत्रा का आयोजन किया जा रहा है। यहां स्वाद और संस्कृति का संगम दिखाई देगा। इस जत्रा में जहां मराठी समाजजन 45 फूड स्टॉल पर व्यंजन का लुत्फ लेंगे। वहीं इस जत्रा में लावणी की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें 35 से अधिक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। स्टॉल केवल मातृशक्तियों के लिए अलार्ट किए गए हैं। आयोजन रोजाना दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। आज शुभारंभ दोपहर 2 बजे कांतिलाल बम्ब, नाना महाराज, डॉ. बाबा साहब तराणेकर, गजानन गावड़े, सुरेश टाकलकर करेंगे। आयोजन से सुधीर दांडेकर, राजेश शाह, तृप्ति महाजन, सुमेदा बावकर, संकेता देशकुलकर्णी, सुप्रिया पुंडलिक जुड़े हुए हैं।

बादलों की ओट में एक घंटा देरी से हुआ चांद का दीदार

भूखी-प्यासी महिलाएं एक टक देखती रहीं आसमां की ओर, वाट्सएप पर भी होती रही चांद निकलने की पूछपरख



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल मातृशक्तियों ने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना अच्छे स्वास्थ्य के लिए भूखे-प्यासे रहकर कल चौथमाता की आराधना में करवा चौथ व्रत का आयोजन किया था। कल करीब 8.38 बजे चन्द्रमा के दर्शन होना थे इसके पहले मातृशक्तियों ने चौथमाता की पूजा-आराधना और व्रत पूरा कर लिया था। केवल चन्द्रमा के दीदार में एक घंटा अतिरिक्त लग गया। कल सिटी ब्लास्ट ने पहले ही बता दिया था कि तीन दिनों तक बार-बार बादल बने रहेंगे और कल ऐसा हुआ भी। कल चन्द्रमा करीब 9.40 बजे दिखाई दिया। महिलाएं बार-बार एक-दूसरे को फोन कर चन्द्रमा के दर्शन हुए क्या पूछताछ करती रही, वाट्सएप पर भी चन्द्रमा को खंगाला गया। भूखी-प्यासी महिलाओं के लिए कल चन्द्रमा का विशेष महत्व था। चन्द्रमा को अर्घ्य देने के साथ अपने पति का चेहरा भी देखना था, कई महिलाओं ने छलनी में से अपने पति का चेहरा देखा और चौथ माता के साथ चन्द्रमा से भी अपने पति की लम्बी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। ज्यादातर महिलाएं एक घंटा देरी तक अपनी भूख-प्यास को रोके रखी, कल कई उद्यापन के आयोजन भी हुए, वहां भी सामूहिक अर्घ्य एक घंटा देरी से हुआ। कुल मिलाकर कल बादल ने मातृशक्तियों की परीक्षा एक घंटा ज्यादा तक भूखे-प्यासे रहने की रख दी और मातृशक्ति भी पीछे नहीं रही।

नौशाद फाउंडेशन की वाद-विवाद प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नौशाद फाउंडेशन ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के पहले चरण में पब्लिक स्कूल में आयोजित कराई। इमरान खान ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं को तीन झोन में दो चरणों में बांटा गया है। इनमें 8 विजेताओं का चयन किया जाएगा। इकबाल जोन की डिबेट प्रतियोगिता में



13 स्कूल ने भाग लिया, जिसमे से 8 छात्रो का चयन अगले चरण 28 नवम्बर के लिए हुआ। अंसार पटेल, सलीम अंसारी, मिर्ज़ा ज़ाहिद बेग, इदरीस खत्री, जावेद अहमद शाह, सैयद ज़ाफ़र अली, समीर खान, अब्दुल हसीब काज़ी मौजूद थे। कार्यक्रम का आभार सरफराज़ अंसारी ने माना।



संगीत निशा आयोजित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गोल्डन ऐरा म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा संगीत निशा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में आयोजित की गई। मनोज यादव, मनोज खरे ने बताया कि सिंगर पल्लवी गौर, मनोज यादव, रजनी चाहर, प्रिया चौहान, अनुमति शर्मा माया पाल, नेहा खरे, वैभवी मालवीय,सुरेश खतुरिया, सुरेश धनवानी, आशीष पाटिल, चंद्रशेखर, सतीश विश्वकर्मा, देवास के अजय दायमा, विनोद रायकवार, संजय यादव, पुरुषोत्तम दीपक ने प्रस्तुतियां दी।

स्कूल में कोरल ईयर पर कल सुर और संवाद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्यासागर स्कूल के स्थापना दिवस पर 'कोरल ईयर' समारोह के अंतर्गत 31 अक्टूबर को शाम 6 बजे विद्यालय परिसर में 'सुर और संवाद' संगीतमय संध्या एवं टॉक शो का आयोजन होगा। अतिथि देवदत्त पटनायक और निर्माता नम्रता सिंह मौजूद रहेंगे। स्कूल के पूर्व छात्र गायक अभय जोधपुरकर प्रस्तुतियां देंगे। उक्त जानकारी सत्यनारायण पटेल ने दी।



हार्डिया का सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट के साथ ही जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एक्ट वर्तमान दौर की प्रमुख आवश्यकता है, क्योंकि आम जनता के हितों की लड़ाई और जनता का विश्वास इन्हीं दोनों संस्थाओं पर टिका हुआ है। यह बात बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्वाचित सदस्य एडवोकेट जय हार्डिया ने इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में कही। इस दौरान दीपक कर्दम, अरविन्द तिवारी, संजय त्रिपाठी, विवेकसिंह, अभिषेक चेंडके, मुकेश तिवारी, प्रमोद दीक्षित, अभय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, वरिष्ठ पत्रकार शैलेष पाठक, विपिन नीमा, राजेंद्र कोपरगांवकर, डॉ. अर्पण जैन सहित अन्य मौजूद थे।

वाणी साहित्य उत्सव का आगाज

युद्ध, स्त्री विमर्श लेखन पर हुआ मंथन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



वाणी साहित्य उत्सव में कई भाषाओं के लेखक तीन दिवसीय आयोजन में पहुंचे। इनमें माधव कौशिक, पद्मश्री शीन काफ़ निज़ाम, वाणी त्रिपाठी टिक्कू, उदय प्रकाश, ज्योति जैन, निखिल दवे, विश्वास व्यास और अरुण माहेश्वरी ने अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उदय प्रकाश ने उदबोधन दिया। संचालन अदिति माहेश्वरी ने किया। माधव कौशिक, उर्मिला शिरीष और सत्य व्यास ने हिस्सा लिया। संवाद रोहिणी कुमार ने किया। अन्य सत्र में विवेक चतुर्वेदी, उदय प्रकाश, हेमंत देवलेकर और मालिनी गौतम ने सहभागिता की। सत्र का संचालन संतोष द्विवेदी ने किया।जुगलबंदी' सत्र में अम्बर पाण्डेय और आशुतोष दुबे ने सहभागिता की। उत्पल बनर्जी ने संचालन किया। अनुवाद के आवरण का अनावरण माधव कौशिक और अक्षत गुप्ता ने किया। इस पुस्तक का अंग्रेजी अनुवाद सौम्या कुलश्रेष्ठ ने किया। अरुण माहेश्वरी, माधव कौशिक,वाणी त्रिपाठी टिक्कू ने अपनी भूमिका निभाई।

सोलंकी को समाज रत्न सम्मान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हितेष सोलंकी को फिल्म जगत, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'राष्ट्रीय समाज रत्न सम्मान' से दिल्ली में सम्मानित किया गया।

सेन शक्ति संगठन की बैठक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



सेन शक्ति समाज सेवा संगठन मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की बैठक इन्दौर मे हुई जिसमें वीरू सेन बने प्रदेश युवा अध्यक्ष, राजू श्रीवास ग्वालियर कार्यभार अध्यक्ष, मुकेश सेन इन्दौर सम्भाग अध्यक्ष बने। राजेश्वर सेन, वीरू सेन, मुकेश सेन, प्रदीप श्रीवास, संदीप श्रीवास,मुकेश कैलवा, सेलू सेन, राजू श्रीवास, दर्शन सेन, भगतराम सेन, कामता सराठे, महेश सेन, विनोद सैन, घनश्याम मंगरोलिया, मोहनलाल सेन, हलके सेन, संतोष सेन, राजू सेन और शुभम श्रीवास्तव, सिवनी, राम बाबू सेन सरोन, डॉ. परशुराम सेन पन्ना, प्रदीप सेन, शारदा सराठे सहित अन्य मौजूद थे।

हरि अग्रवाल अध्यक्ष सिंघल महासचिव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रिंग रोड स्थित आनंदा कॉलोनी में रहवासी संघ का पुनर्गठन अनिल मोदी, डॉ. कमल केशवानी एवं गोविन्द अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें हरि अग्रवाल अध्यक्ष, करण नारसरिया एवं कपिल केशवानी उपाध्यक्ष, हेमा पटेल महिला उपाध्यक्ष, अनूप सिंघल महासचिव तथा विशाल नंदवानी सह-सचिव मनोनीत किए गए।



मेडिकल एसोसिएशन द्वारा मधुमेह पर कार्यशाला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





भारत डायबिटीज की राजधानी बनता जा रहा है, 30 प्रतिशत लोग इसकी चपेट में है या प्रि डायबिटीज स्टेज में है। डायबिटीज का मूल कारण चर्बी बढ़ना है, जिससे इंसुलिन रेजिस्टेंट पैदा होकर इंसुलिन का असर कम हो जाता है चुप्पी खामोशी से दुष्परिणाम लाने वाली बीमारी है, जिसमें 40% पेशेंट्स को गंभीर किडनी रोग हो जाता है। किडनी के अलावा हार्ट, फेफड़े, आंखें, रक्त नालियां सबसे पहले प्रभावित होते है। 10 मे से 9 पेशेंट्स को इसकी गंभीरता पता नहीं होती। जल्दी से जल्दी पता लगाकर इसको नियंत्रण में रखने की अतिआवश्यकता है। नियंत्रित आहार, नियमित दिनचर्या, नियमित व्यायाम, नियमित जांचे, नियमित उपचार, मानसिक तनाव प्रबंधन की अनिवार्य आवश्यकताएं है। डॉ. अतुल शिंदे, डॉ. संदीप जुल्का, डॉ. संदीप जुल्का, डॉ. राजेश भरानी, डॉ. अश्मित चौधरी, डॉ. सोहिनी सीरकर, डॉ. मनीला कौशल, डॉ. एके पंचोलीया, डॉ. संजय लौंढे, डॉ. बीके सेठिया, डॉ. प्रवीण दानी, डॉ. ज्योति करांदे, डॉ. गौरव शैलगावंकर, डॉ. स्पर्श जायसवाल, डॉ. कविता बापट, डॉ. विनीता कोठरी, डॉ. जयश्री श्रीधर ने अपनी भूमिका निभाई।

सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा होगी, त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया जारी रहेगी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा-2026 इंदौर में 39 परीक्षा केंद्रों पर 1 नवंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगी। इस परीक्षा में 15,924 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलांस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी (हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर) के माध्यम से तलाशी तथा वीओआईपी की व्यवस्था शामिल है। यह प्रक्रिया आयोग द्वारा अनुबंधित एजेंसी एसपीए के माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 90 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्हें अपने साथ केवल बॉलपेन, एक पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और पहचान पत्र लाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, आवश्यक दवाइयां भी साथ रखी जा सकेंगी।



संघ के आयोजन में मौजूद रहे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह आयोजित कार्यक्रम डेली कॉलेज परिसर में श्रवण वर्मा, जयदीप मांजरेकर ने भी संघ वेशभूषा में बडी संख्या में स्वयं सेवकों के साथ शिरकत की। कई भाजपा नेता भी इस आयोजन में पहुंचे थे।

स्तन कैंसर जागरूकता के लिए आयोजन

60 महिलाओं के लिए मेमोग्राफी स्क्रीनिंग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।









इंदौर इलुमिनाटी राउंड टेबल 296 द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता के लिए विशेष जुपिटर हॉस्पिटल में पिंक अक्टूबर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. तनुज श्रीवास्तव और डॉ. अर्चित मंगल ने महिलाओं में स्तन कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की। इस मौके पर संस्था की ओर से जरुरतमन्द 60 महिलाओं के लिए निशुल्क मेमोग्राफी स्क्रीनिंग भी प्रायोजित की गई।डॉ. अर्चित मंगल, हर्षवर्धन अग्रवाल और मयूखी अग्रवाल, श्रुति माहेश्वरी की विशेष भूमिका रही।

सिकल सेल एनीमिया के लिए शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार के लिए आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय सतत् चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिकल सेल संकट के समय दर्द का दौरा होता है, इसमें रक्त प्रवाह रुकने या कम होने के चलते हड्डी, जोडों, पीठ, पेट, छाती में अचानक तेज दर्द होने लगता है, यही इसका लक्षण है। सांस लेने में तकलीफ, फेफड़ों में रक्त प्रवाह प्रभावित होने या 'एक्यूट चेस्ट सिंड्रोम' के कारण सांस फूलना और छाती में जकड़न होना,



अत्यधिक थकान और कमजोरी, लाल रक्त कोशिकाओं के तेजी से टूटने और शरीर में खून की भारी कमी के कारण यह दिक्कत के लक्षण सामने आते है इस पर भी जानकारी दी गई। 47 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण क़र औषधि भी दी गई। डॉ. हंसा बारिया, डॉ. बख्तियार अशरफी, डॉ. कमलेश पाटील, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. नेहा भाना, डॉ. अंकिता जैन, डॉ. जितेन्द्र भालसे, डॉ. ज्योति बड़ोले, डॉ. महेश पोरवाल, डॉ. लुबना सैय्यद, डॉ. मनीष पटेल ने अपनी भूमिका निभाई।

यातायात विभाग लगाएगा नया पोर्टेबल सिग्नल

अब तीन इमली चौराहे पर मिलेगी जल्द जाम से मुक्ति

इंदौर। आखिर लंबे समय से क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों की मांग पर अब औद्योगिक क्षेत्र के सबसे ज्यादा जाम वाले तीन इमली चौराहे पर बेहद जल्द जाम से मुक्ति के लिए निगम के यातायात विभाग द्वारा नया पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा। जिसको लेकर यातायात विभाग द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। बड़ी बात यह है कि यातायात विभाग द्वारा यहां सिग्नल लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि बेलगाम ट्रकों और बसों की रफ्तार पर लगाम लगाया जा सकें। साथ ही पिक अवर्स में खासकर शाम के समय लोगों को तीन इमली चौराहे पर आए दिन लगने वाले जाम से आने वाले दिनों में बेहद जल्द राहत मिल जाएगी।

शाम को पिकअवर्स 6 से 9 में होती है सबसे ज्यादा परेशानी

गौरतलब है कि एक तरफ नेमावर रोड़ पालदा नाका की ओर से ट्रकों का लोड तो दूसरी तरफ ट्रैवल्स की बसों के कारण तीन इमली चौराहे पर रोजाना भारी जाम लगा रहता है। जिसके कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालक दिनभर आपस में गुत्थम- गुत्था होते रहते हैं। खासकर शाम को 6 बजे से 9 बजे तक सबसे ज्यादा दिक्कत होती है।

नो इंट्री खुलने का सीधा असर पड़ता है नवलखा चौराहे पर– यही नहीं जब नो इंट्री खुलती है तो इसका



सीधा असर भारी वाहनों के दबाव के साथ नौलखा चौराहे पर पड़ता है। इस दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालक जाम के कारण रेंगते हुए जाते हैं और हालात यह रहती है कि दो से तीन बार में बमुश्किल सिग्नल क्रास कर पाते हैं।

लंबे समय से लगातार जाम की शिकायत को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा तीन इमली चौराहे पर सौंदर्यकरण के कार्य पूरे होने से पहले यहां पोर्टेबल सिग्नल लगाने की तैयारी है। दरसअल यातायात विभाग द्वारा लंबे समय से ट्रैफिक का आकलन और यहां तैनात जवान और ट्रैफिक सूबेदार की मांग के साथ क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों की मांग पर अब जाम से राहत के लिए यहां पहले चरण में प्रायोगिक रूप से पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल रखकर देखा जाएगा।

चौराहे पर लोगों की बनेंगी रुकने की आदत

अभी वाहन चालक बिना रुके फर्राटे दार स्पीड से वाहन लेकर निकल जाते है। सिग्नल लगने के बाद चौराहे पर लोगों को रुकने की आदत बनेगी। साथ ही ट्रैफिक के नियमों का पालन करने और सिग्नल पर रुकने की स्थिति का लगातार आकलन किया जाएगा। उसके बाद यहां बड़े ऑटोमेटिक इंट्री ग्रेट सिस्टम वाले नवीन ट्रैफिक सिग्नल भी लगाने की प्लानिंग है। वहीं कहा जा रहा है कि चौराहे पर सौंदर्यकरण कार्य से पहले आने वाले दिनों में बेहद जल्द नए ट्रैफिक सिग्नल लगाकर जाम से मुक्ति दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है।

सरकारी कॉलेजों में खेल सामग्री की व्यवस्था जुटाने की तैयारी

कैटिगरी के हिसाब से अलग-अलग खेल सामग्री की होगी व्यवस्था



इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के विभिन्न सरकारी कॉलेज में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की कैटेगरी के हिसाब से खेल सामग्री खरीदी और वितरण की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत कॉलेज को खो खो , टेबल टेनिस बॉल, योग रैकेट बैडमिंटन नेट नायलॉन शटल कॉक एक्सरसाइज बाइक, टेबल टेनिस, वालीबाल बास्केटबाल, रैकेट बैडमिंटन रैकेट, वॉलीबॉल नेट, वॉलीबॉल पोल सेट, खेल शूज आदि खेल सामग्री की खरीदी के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। उसके बाद बेहद जल्द इसी साल शासन द्वारा विभिन्न कॉलेजों में उनकी जरूरत के हिसाब से खेल सामग्री वितरित की जाएगी ताकि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी खेल में अपना भविष्य उज्जवल करें।

शिप्रा उद्गम स्थल केवड़ेश्वर में अब हनुमान मंदिर निर्माण की आई शुभ घड़ी

लंबे समय बाद हनुमान लला की प्रतिमा नजर आएगी, छठ पूजा के लिए घाटों का भी हो रहा विस्तार

इंदौर। उज्जैनी रोड पर शिप्रा उद्गम स्थल केवड़ेश्वर धाम आश्रम में हनुमान मंदिर नव निर्माण कार्य की भी लंबे समय के बाद शुभ घड़ी आई है। जिसके तहत आश्रम और मंदिर प्रबंधन द्वारा केवड़ेश्वर धाम शिव मंदिर के पास बाहरी परिसर में सालों बाद हनुमान लला की प्रतिमा पर छत निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। जिसके तहत प्रभु हनुमान लाला के नवीन मंदिर का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा छठ पूजा के लिए यहां केवडेश्वर बाबा के धाम के पास लंबे चौड़े घाटों का निर्माण और विस्तार कार्य भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है।



गौरतलब है कि अगले माह दिवाली के बाद शहर और गांव में रहने वाले हजारों उत्तर भारतीय समाज के परिवार के लोग छठ पूजा करेंगे। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रबंधन और प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में देव गुराडिया के पास प्रसिद्ध केवड़ेश्वर धाम में भव्य हनुमान मंदिर निर्माण के साथ छठ पूजा के लिए यहां स्थित घाटों का नवनिर्माण और विस्तार कार्य भी इन दिनों तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है ताकि उत्तर भारतीय समुदाय और विभिन्न समाज के लोगों को पूजा पाठ करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और उनको अपने घर के नजदीक ही छठ पूजा के लिए घाट की सुविधा मिल जाए।

एमपीपीएससी में एक और मंजिल निर्माण

इन्दौर। रेसीडेंसी क्षेत्र में स्थित मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग दफ्तर में एक और नई मंजिल निर्माण थर्ड फ्लोर बनाने के साथ पहली और दूसरी मंजिल के रिनोवेशन अप्रेशन का कार्य लम्बें समय से चल रहा था, जो अब एक दम अंतिम दौर में है। जिसके जल्द पूरा होने के बाद यहां एमपी पीएससी कैंपस में नया सीसी रोड़ निर्माण और साइड में टू व्हीलर पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा। वर्तमान में एमपीपीएससी दफ्तर की पुरानी बिल्डिंग के ऊपर तीसरी मंजिल बनकर तैयार है। जहां बड़ा हॉल और एग्जाम सेंटर का निर्माण किया गया है। साथ ही पहले और दूसरी मंजिल के रिनोवेशन का कार्य भी साथ में चल रहा है। इस कार्य के लिए एमपीपीएससी प्रबंधन द्वारा पीडब्ल्यूडी की पीआईयू को अधिकृत किया है।

कैम्पस परिसर में सीसी रोड़ से लेकर अन्य कार्य भी प्रस्तावित- पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक तीसरी मंजिल के नवनिर्माण के साथ पहली और दूसरी मंजिल के नवीनीकरण कार्य पर लगभग 6 करोड़ के आसपास खर्च किए जा रहें है। जिसके तहत स्ट्रक्चर अपग्रेशन और फर्स्ट और सेकंड फ्लोर के रिनोवेशन यानी नवीनीकरण कार्य के अलावा परिसर में नई सीसी रोड़ का निर्माण भी किया जाना है। इसके अलावा ओल्ड गार्ड बिल्डिंग के नवीनीकरण और इलेक्ट्रिक वर्क का काम भी इसी निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत नई तैयार मंजिल पर फ्लोरिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य भी किए जाना है। इसके साथ परीक्षा केंद्र भी तैयार किया जाना है, जिसको लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके अलावा कैंपस परिसर में टू व्हीलर पार्किंग निर्माण और शेड लगाने का कार्य भी किया जाना है। जिसका फायदा भविष्य में अभ्यर्थियों को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इसी साल के अंत तक ज्यादातर काम पूरे कर लिए जाएंगे।





धार नगर भाजयुमो जिलाध्यक्ष बने तरुण सिसोदिया रोहित रघुवंशी को महामंत्री की कमान

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के धार नगर जिला अध्यक्ष पद को लेकर पिछले काफी समय से चली आ रही अटकलों पर आखिरकार विराम लग गया है। प्रदेश आलाकमान द्वारा जारी की गई नवीनतम सूची में युवा नेता तरुण सिसोदिया को धार भाजयुमो का नया जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है,वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से आने वाले रोहित रघुवंशी को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है,

उल्लेखनीय है कि धार नगर संगठन में इस महत्वपूर्ण पद को लेकर लंबे समय से खींचतान और कयासों का दौर जारी था। संगठन की इस नई सूची के सामने आने के बाद सभी संशयों पर पूर्ण विराम लग गया है। नए जिलाध्यक्ष की घोषणा होते ही भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस पद के लिए जिले के कई युवा चेहरे कतार में थे, लेकिन संगठन ने पूर्व जिला मंत्री और प्रखर हिंदूवादी नेता तरुण सिसोदिया पर भरोसा जताकर सभी को चौंका दिया है,नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा होते ही सिसोदिया और रघुवंशी के समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर इस फैसले का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नई युवा टीम के आने से धार नगर में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी,साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।

लंबे समय से मंजूर न्यू रेस्ट हाउस जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट कार्य शुरू

इंदौर। पिछले दिनों सांध्य दैनिक सिटी ब्लास्ट ने प्रमुखता के साथ रेसीडेंसी कोठी क्षेत्र में 40 साल पुराने न्यू रेस्ट हाउस के पुराने कमरों में तोड़फोड़ कर नवीनीकरण कर जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट के तहत आधुनिकरण कार्य लंबे समय से मंजूरी के बावजूद काम शुरू नहीं होने का मुद्दा उठाया था। जिसके बाद प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों और रेसीडेंसी प्रबंधन ने भी मामले में संज्ञान लेकर लंबे समय से मंजूर न्यू रेस्ट हाऊस को आने वाले सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए वीआईपी मूवमेंट के बढ़ने के दौरान पड़ने वाली जरूरत के हिसाब से आधुनिक शैली में संवारने की योजना पर जमीनी काम भी शुरू कर दिया है।जिसके तहत न्यू रेस्ट हाउस के सालों पुराने आठ कमरों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ संवारने की योजना पर अब तेजी के साथ कार्य शुरू हो गया है।

रेसीडेंसी कोठी के सामने 40 साल से ज्यादा पुराने रेस्ट रूम में ठेकेदार एजेंसी द्वारा तोड़फोड़ कर नवीनीकरण कार्य योजना के अंतर्गत सौंदर्यकरण और संवारने के कार्य पिछले दिनों शुरू कर दिए गए है। जिसके तहत इस एक मंजिला इमारत के 8 पुराने कमरों में तोड़फोड़ कर इनके भीतर का पूरा इंटीरियर बदलकर नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके तहत इन पुराने कमरों के बाथरूम को तोड़कर इनकी जगह 5 स्टार होटल के जैसे अत्याधुनिक लग्जरी सुविधाओं वाले गेस्ट रूम का नवनिर्माण किया जा रहा है। वहीं अब पहले से बड़ी आधुनिक सुविधाओं वाली बाथरूम पीछे की साइड खाली पड़ी जगह पर बनाई जाएगी। इसके अलावा रेस्ट हाउस नवीनीकरण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक इन पुराने रेस्ट हाउस के कमरों को भीतर से लेकर बाहर तक सब कुछ बदलकर पूरा इंटीरियर और फर्नीचर तक चेंज किए जाएंगे।

गौरतलब है कि सिंहस्थ के दौरान रेसीडेंसी कोठी में वीवीआईपी मेंहमानों का मूवमेंट बढ़ेगा। जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रियों और कई बड़े अधिकारियों और राज्य सरकार के मंत्री और अधिकारियों और अन्य मेहमानों का भी कोठी में लगातार आना - जाना लगा रहेगा। वीवीआई मेहमान आने के मूवमेंट को ध्यान में रखते हुए रेसीडेंसी प्रबंधन द्वारा कोठी के सामने स्थित 40 साल पुराने न्यू रेस्ट हाउस इमारत के नवीनीकरण की योजना बनाई है। जिस पर अब पहले चरण में तोड़फोड़ का काम भी शुरू हो गया है। पुराने खिड़की दरवाजे निकालकर सौन्दर्यकरण और कमरों का विस्तार कार्य अब तेजी के साथ चल रहा है।



संपादकीय

रेल सफर के दौरान रात 11 से सुबह 5 बजे तक मोबाइल चार्जिंग बंद रखने का फैसला

आज के दौर में मोबाइल सभी की जिन्दगी का एक अहम हिस्सा बन गया है, बिना मोबाइल के रहने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है और अब हम मोबाइल पर इतने निर्भर हो चुके हैं कि मोबाइल हमारी सबसे पहली आवश्यकता बन गया है। सूचना के आदान-प्रदान के साथ रुपए के लेनदेन में भी मोबाइल का उपयोग किया जाने लगा है। कोई भी समाचार सूचना पलक झपकते ही मोबाइल के माध्यम से पूरी दुनिया में फैलाई जा सकती हैं और प्राप्त भी की जा सकती हैं। जितना मोबाइल जरूरी है उससे ज्यादा मोबाइल का चार्ज होना भी जरूरी है क्योंकि जैसे बिना पेट्रोल-डीजल की गाड़ी चलाना मुश्किल है वैसे ही बिना चार्जिंग के मोबाइल चलाना भी संभव नहीं है। इसी कारण रेल द्वारा ट्रेनों में मोबाइल चार्ज करने की सुविधा प्रदान की जा रही थी किन्तु अब रेलवे के नवीन आदेशानुसार रात्रि 11 से सुबह 5 बजे तक रेल के सभी चार्जिंग पॉइंट बंद रहेंगे। रेलवे का यह आदेश यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आया है। इसके पूर्व में भी इसी प्रकार के आदेश जारी किए जा चुके हैं किंतु गंभीरता से इसका पालन नहीं किया जा रहा था। पिछले दिनों यात्रा के दौरान एक यात्री का पॉवर बैग फटने की घटना के बाद इस आदेश का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बैटरी की खराबी एवं लगातार लंबे समय तक चार्जिंग के कारण बैटरी गर्म होने से होने वाली दुर्घटना से सुरक्षा जरूरी है। यात्रा के दौरान रात्रि के समय जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में होते हैं तब और अधिक सुरक्षा आवश्यक होती है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारे जीवन को जितना सुविधाजनक, आसान और अनुकूल बनाते हैं उनके उपयोग में सावधानी और सुरक्षा के साथ इस्तेमाल भी उतना ही जरूरी है। इनके उपयोग में में थोड़ी-सी भी असावधानी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। रेलवे द्वारा इस दृष्टि से रात्रि में 11 से 5 मोबाइल चार्जिंग पॉइन्ट बन्द रखने के निर्देश का सख्ती से पालन करने का यह कदम मोबाइल चार्जिंग के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करेगा बशर्ते इस आदेश का पूरी तरह पालन किया जावे अन्यथा ऐसे आदेश पहले भी जारी किये जा चुके है। उम्मीद की जानी चाहिए कि रेलवे इस आदेश का सख्ती से पालन कराने में सफल होगा और इससे होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

-मुकेश नागर

मेडिकल स्टोर्स पर पुलिस की दबिश

नशीली और प्रतिबंधित दवाओं के रिकॉर्ड खंगाले



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संदिग्ध व नशीली दवाओं के अवैध क्रय-विक्रय पर नकेल कसने के लिए एरोड्रम पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने क्षेत्र के 60 फीट रोड स्थित आधा दर्जनों मेडिकल स्टोर्स पर अचानक दबिश देकर स्टॉक और बिक्री रजिस्टरों की गहन जांच की।

थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मेडिकल स्टोर्स के परिसरों का निरीक्षण किया। इस दौरान बिना डॉक्टर के पर्चे के बेचे जाने वाले संदिग्ध साल्ट और नशीली दवाओं के रिकॉर्ड खंगाले गए।पुलिस ने चेकिंग के साथ ही सभी मेडिकल संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि बिना वैध डॉक्टर के पर्चे के कोई भी प्रतिबंधित या नशीली दवा न बेची जाए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्टोर पर नशीली दवाओं का अवैध भंडारण या क्रय-विक्रय पाया जाता है, तो संबंधित संचालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ढाई लाख रुपये की सोयाबीन बोरियां चोरी

वेयर हाउस की खिड़की और शटर तोड़कर 70-80 बोरी उड़ाई

इंदौर। बेटमा थाना क्षेत्र के गोदाम को निशाना बनाकर चोरों ने सोयाबीन की बोरियों पर हाथ साफ कर दिया। अज्ञात बदमाश खिड़की तोड़कर अंदर घुसे और शटर के नट-बोल्ट खोलकर गोदाम में रखी 70 से अधिक बोरियां चुरा ले गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना सनावदा रोड स्थित मनीष भावसार के वेयरहाउस की है। फरियादी रामराज पिता तोलाराम पंवार, निवासी ग्राम सनावदा, बेटमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बदमाश उनके वेयरहाउस की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए।फरियादी ने बताया कि अंदर घुसने के बाद बदमाशों ने गोदाम के शटर के नट-बोल्ट खोल दिए और शटर ऊंची करके अंदर रखी सोयाबीन की 70 से 80 बोरियां चोरी कर ले गए। चोरी गई कुल सोयाबीन की अनुमानित कीमत करीब 2,70,000 रुपए बताई जा रही है। बेटमा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एमडी और ब्राउन शुगर के साथ धराए तस्कर

इंदौर। लसूडिया और बाणगंगा पुलिस ने घेराबंदी कर दो नशा तस्करों को रंगे हाथों दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में एमडी ड्रग्स और ब्राउन शुगर जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लसूडिया थाना पुलिस ने निरंजनपुर सब्जी मंडी के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी अमान पिता इम्तियाज खान, निवासी खिजराबाद, खजराना के कब्जे से 13.26 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ड्रग्स के सोर्स का पता लगाना शुरू कर दिया है। दूसरी कार्रवाई बाणगंगा थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस टीम ने सुखलिया रेलवे क्रॉसिंग के पास से संदेही संजय पिता सुरेश यादव, निवासी न्यू राम नगर को हिरासत में लिया। जब आरोपी की विधिवत तलाशी ली गई, तो उसके पास से 9.70 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर जब्त की गई। बाणगंगा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

गलत खड़े ट्रक को पुलिस ने किया जब्त



इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के चाणक्यपुरी चौराहे पर यातायात में भारी बाधा उत्पन्न करने और लापरवाही से वाहन पार्क करने वाले एक ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। चौराहे पर असुरक्षित तरीके से ट्रक खड़े होने के कारण आम जनता और आवागमन की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी, जिसे देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएच 7141 को चाणक्यपुरी चौराहे पर बेहद खतरनाक और लापरवाहीपूर्ण तरीके से खड़ा किया गया था। सूचना मिलते ही हरकत में आई अन्नपूर्णा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 283 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया और मौके से उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है।

ऑटो से गायब हुए रुपया और सोना-चांदी हैंडबैग हुआ खाली, चालक पर संदेह

इंदौर। तिलक नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपलियाहाना चौराहे के पास ऑटो में सफर कर रही महिलाओं के साथ चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोपी ऑटो चालक ने बातों में उलझाकर हैंडबैग में रखे नकदी और जेवरों से भरे छोटे पर्स चुरा लिए। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना पिपलियाहाना चौराहे की है। फरियादी ममता पति केदार राठौर (50) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपनी बेटी संध्या के साथ अपनी बड़ी बहन के घर देवगुराड़िया जाने के लिए ऑटो रिक्शा में बैठी थीं।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रास्ते में ऑटो चालक ने उनकी बेटी का हैंडबैग अपने पास आगे रखवा लिया था। उस हैंडबैग के अंदर तीन-छोटे छोटे पर्स रखे हुए थे, जिनमें बेटी के 13,000 रुपए नकद और पहनने के जेवर एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की नथ, एक सोने का पेंडल और दो चांदी की चेन रखी हुई थीं। कुछ दूर जाने के बाद जब हैंडबैग की तलाशी ली गई, तो उसमें से नकदी और जेवरों से भरे छोटे पर्स गायब मिले। ममता ने आशंका जताई है कि पिपलियाहाना चौराहे के पास बेटी से बैग लेकर आगे रखने के दौरान ही ऑटो चालक ने चालाकी से चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया है। तिलक नगर पुलिस अज्ञात ऑटो चालक की तलाश में जुट गई है।

लेनदेन के विवाद में ऑफिस में घुसकर मारपीट

पिटेले व्यापारी ने लगाई पुलिस के सामने गुहार

इंदौर। विजय नगर थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन के विवाद को लेकर एक ऑफिस में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से हमला किया, जिससे उन्हें गले और गाल पर चोटें आईं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना मैकेनिक नगर, भमोरी इलाके की है। फरियादी नरेश पिता जीएल कटारिया ने पुलिस को बताया कि वे अपने ऑफिस में बैठकर कामकाज देख रहे थे, तभी अजय सुनहेरे जिसके साथ उनका रुपयों का लेनदेन चल रहा था अपने एक अन्य साथी के साथ वहां पहुंचा।फरियादी ने बताया कि ऑफिस में आते ही अजय और उसके साथी ने रुपयों के लेनदेन की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। जब नरेश ने उन्हें गालियां देने से मना किया, तो दोनों ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। इस हमले में नरेश के गले और गाल पर गंभीर चोटें आईं।

लिस्टेड बदमाश अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार

किसी बड़ी वारदात की फिराक में था आरोपी



इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शातिर और आदतन अपराधी को धर दबोचा। आरोपी के पास से एक तेज धारदार खटकेदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, उससे पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, खजराना पुलिस टीम क्षेत्र में गुंडे-बदमाशों और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नया बसेरा छोटी खजरानी निवासी विकास उर्फ दाऊ पिता गोविंद पिपलदे पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक धारदार खटकेदार चाकू मिला।जांच में सामने आया कि आरोपी विकास एमआईजी थाने का लिस्टेड बदमाश है, जिसके खिलाफ एमआईजी और खजराना सहित शहर के विभिन्न थानों में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। खजराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
142500	141900
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
189000	186400

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा बुंधरू

कारोबार की चमक के बीच आध्यात्मिकता की रोशनी, अनंत अंबानी के अंदाज ने जीता दिल

जियो की लिस्टिंग के मंच से दिया कृतज्ञता और संस्कारों का संदेश; जीवदया, धार्मिक आस्था और जिंदादिली ने बनाई अलग पहचान- अक्षय जैन

इंदौर। दुनिया के बड़े कारोबारी घरानों में अंबानी परिवार की पहचान उसकी आर्थिक ताकत और कारोबारी दूरदृष्टि से है। लेकिन इसी परिवार की नई पीढ़ी के अनंत अंबानी की चर्चा केवल कारोबार तक सीमित नहीं रहती। उनकी धार्मिक आस्था, जीवदया के प्रति लगाव और जीवन को खुलेपन के साथ जीने का अंदाज उन्हें एक अलग पहचान देता है। जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में लिस्टिंग के अवसर पर उनका संबोधन भी इसी वजह से चर्चा में आया। कारोबार की बड़ी उपलब्धि के बीच परिवार, संस्कार, कृतज्ञता और सेवा का भाव उनके शब्दों में प्रमुखता से दिखाई दिया।

कारोबार को पूजा मानने का संदेश- आमतौर पर किसी बड़ी कंपनी की उपलब्धि के मंच पर निवेश, मुनाफे और भविष्य की कारोबारी योजनाओं की चर्चा होती है। अनंत अंबानी ने इस अवसर को भावनात्मक अर्थ देते हुए कारोबार को पूजा और उसकी सफलता को सबके साथ बांटने योग्य प्रसाद के रूप में प्रस्तुत किया। उनके संबोधन का यह भाव लोगों को इसलिए आकर्षित करता है, क्योंकि इसमें सफलता के साथ साझेदारी और कृतज्ञता का संदेश भी है। जियो की यात्रा केवल एक कारोबारी परिवार की कहानी नहीं, बल्कि तकनीक और डिजिटल सेवाओं से जुड़े करोड़ों उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और सहयोगियों के योगदान की कहानी भी है। अनंत ने अपनी बातों में इस सामूहिक भूमिका को महत्व दिया। यही दृष्टिकोण बताता है कि किसी संस्थान की सफलता केवल पूंजी से नहीं, लोगों के विश्वास से भी बनती है।

जीवदया में दिखती संवेदनशीलता- अनंत अंबानी के व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण पक्ष वन्यजीव संरक्षण और पशुसेवा से जुड़ा है। जामनगर स्थित वनतारा के माध्यम से वन्यजीवों के संरक्षण, घायल और संकटग्रस्त जीवों की देखभाल जैसे कार्यों को व्यापक पहचान मिली है। जीवदया का भाव केवल धार्मिक विचार नहीं, बल्कि संवेदनशील जीवन-दृष्टि भी है। किसी असहाय जीव की पीड़ा समझना और अपनी क्षमता का उपयोग उसके संरक्षण के लिए करना करुणा का व्यवहारिक रूप है। अनंत अंबानी की सार्वजनिक पहचान में यह पक्ष उन्हें कारोबारी गतिविधियों से आगे एक सामाजिक और मानवीय संदर्भ भी देता है।

विरासत केवल संपत्ति की नहीं, संस्कारों की भी- मुकेश अंबानी के पुत्र होने के नाते अनंत के सामने एक विशाल कारोबारी विरासत है। बड़े भाई आकाश अंबानी भी रिलायंस समूह की डिजिटल और दूरसंचार संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों नई पीढ़ी के प्रतिनिधि हैं, लेकिन अनंत की सार्वजनिक छवि में धार्मिक आस्था, जीवदया और भावनात्मक अभिव्यक्ति का पक्ष विशेष रूप से उभरता है। उनके संबोधन में परिवार के बुजुर्गों के प्रति सम्मान और माता-पिता के योगदान की स्वीकृति भी दिखाई दी। यह बात महत्वपूर्ण है कि बड़ी उपलब्धियों के बीच अपनी जड़ों को याद रखना और सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त करना व्यक्ति के संस्कारों को दर्शाता है।

जिंदादिली, जो व्यक्तित्व को बनाती है खास- अनंत अंबानी का अंदाज पारंपरिक कारोबारी छवि से कुछ अलग दिखाई देता है। धार्मिक आयोजनों में रुचि, जीवों के प्रति संवेदना और अपने भाव खुलकर व्यक्त करने की शैली उनके व्यक्तित्व को चर्चा में रखती है। जियो की लिस्टिंग के अवसर पर भी उनके संबोधन में कारोबारी उपलब्धि के साथ भावनात्मक जुड़ाव दिखाई दिया। हालांकि किसी भी व्यक्तित्व की वास्तविक पहचान केवल भाषण से नहीं, बल्कि उसके निरंतर कार्यों से बनती है। फिर भी उनके संबोधन ने यह विचार सामने रखा कि आधुनिक कारोबार और आध्यात्मिक संवेदनाएं एक साथ चल सकती हैं।

सफलता का असली अर्थ- अनंत अंबानी के व्यक्तित्व से जुड़ा सबसे बड़ा संदेश यही है कि धन और प्रतिष्ठा जीवन की उपलब्धियां हो सकती हैं, लेकिन संवेदना और सेवा उसे सार्थक बनाती हैं। कारोबार से समृद्धि मिलती है, संस्कारों से दिशा और जीवदया से करुणा का विस्तार होता है। सफलता केवल यह नहीं कि आपने कितना कमाया, बल्कि यह भी है कि आपकी सामर्थ्य से कितने जीवन बेहतर हुए। अनंत अंबानी की आध्यात्मिकता, जीवदया और जिंदादिली की चर्चा इसी विचार को केंद्र में लाती है।

बगीचे में निगम अधिकारियों की लापरवाही उजागर

कहीं लगा है ग्रीन वेस्ट का ढेर तो कहीं गायब है झूले चकरी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा बगीचों की साज संभाल में की जा रही लापरवाही उजागर होकर सामने आ गई है। आज जब दौरा किया गया तो किसी बगीचे में ग्रीन वेस्ट का ढेर लगा हुआ था तो किसी में झूले-चकरी ही नहीं लगे हुए थे।

शहर के बगीचों को नगर निगम के द्वारा उसे क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के रहवासी संघ को सौंप दिया गया है। रहवासी संघ के द्वारा नागरिकों से चंदा करते हुए बगीचे की देखरेख के लिए माली लगाए गए हैं। इन माली का वेतन रहवासी संघ के द्वारा दिया जाता है। ऐसे में नगर निगम की जिम्मेदारी केवल इन बगीचों से ग्रीन वेस्ट उठाने और वहां पर बच्चों के खेलने के लिए झूले चकरी लगाने की रह जाती है। निगम इस छोटी सी जिम्मेदारी का निर्वहन भी बराबर नहीं कर पा रहा है। यह बात आज उस समय उजागर होकर फिर से सामने आ गई जब महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिक सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय रहवासियों से मुलाकात कर जल संरक्षण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर चर्चा की। दौरे के दौरान महापौर ने क्षेत्र के विभिन्न उद्यानों का भी निरीक्षण किया। कुछ उद्यानों में ग्रीन वेस्ट (हरित कचरा) बिखरा मिलने पर उन्होंने अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई और तत्काल सफाई कर उद्यानों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्यानों में स्वच्छता और रखरखाव को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन उद्यानों में बच्चों के खेलने के लिए झूले और चकरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, वहां अगले सात दिनों में आवश्यक उपकरण लगाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि उद्यानों को केवल हरियाली तक सीमित न रखते हुए बच्चों और रहवासियों के लिए उपयोगी एवं आकर्षक बनाया जाएं।

पेंशनर्स ने की 5 प्रतिशत डीआर की मांग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दुबे और प्रवक्ता भगवती प्रसाद पंडित ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्तीय मंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि केन्द्र सरकार द्वारा पेंशनरों के लिए घोषित 63 प्रतिशत डीआर के अनुरूप प्रदेश के 5 लाख पेंशनभोगियों को भी डीआर एवं तदनुसार एरियर राशि दिए जाने की घोषणा दीपावली पूर्व की जाए। जनवरी से 2 प्रतिशत एवं जुलाई से 3 प्रतिशत डीआर की वृद्धि की जाए। अभी प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 58 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता/राहत दी जा रही है, जबकि केंद्रीय कर्मचारियों/पेंशनरों को 63 प्रतिशत डीआर मिल रहा है जो 5 प्रतिशत कम है। अतएव 63 प्रतिशत डीए/डीआर एवं एरियर राशि की घोषणा दीपावली के पूर्व की जाए। एसोसिएशन के महामंत्री केएस ठाकुर एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अब प्रदेश सरकार को छत्तीसगढ़ सरकार से डीआर देने हेतु सहमति की आवश्यकता भी नहीं है इसलिए डीआर की घोषणा करने में विलंब नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनवरी से अक्टूबर तक 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी अनुसार 10 माह की तथा जुलाई से अक्टूबर तक 4 माह का एरियर के आदेश भी प्रसारित किए जाएं।

पटाखों की दुकानें व्यवस्थित लगाई जावे-वर्मा

जिला प्रशासन समुचित व्यवस्था करे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उन्होने पटाखा दुकानों के स्थल और दुकानों को लेकर नियम कायदे बनाए है। वर्मा ने कहा कि दीपावली पर लगने वाली पटाखों की दुकानों को व्यवस्थित लगवाया जाए, दीपावली उत्सव समीप है। अलग-अलग क्षेत्रों में टीन शेड की दुकानें लगेगी इनमें ज्यादातर पुराने लायसेंस वाली दुकानें है। वर्मा ने बताया कि अवैध पटाखा बिक्री पर सख्त पाबंदी लगाई जावे। अस्थाई पटाखा दुकान बनाने वाले ठेकदार को प्रदाय करने के लिये पूर्व में समाचार पत्रों से सार्वजनिक सूचना के लिये पारदर्शी ठेके देने का स्पष्ट उल्लेख करे कि किस निर्धारित स्थान का गुमटी किराया कितना निर्धारित होगा। निर्धारित स्थानों पर ठेके देने के लिये पारदर्शी सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों में दी जावे। जिससे दुकान लगाने वालो पर आर्थिक बोझ नहीं बढ़े। अलग-अलग स्थानों पर गुमटी ठेकेदार पटाखा दुकानदार का आर्थिक शोषण करते है एवं दुकानदारों के साथ लड़ाई-झगडे का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने कहा इंदौर नगर पालिक निगम के अमले को ध्यान देना चाहिए कि जिस निर्धारित क्षेत्र में दुकाने लगने वाली है उक्त स्थानों को समतल करे। कीचड या गड्ढो की समस्या न रहे तथा दुकानों के मैदान पर प्रतिदिन साफ-सफाई एवं पानी की भरपूर व्यवस्था करे। सभी पटाखा बाजार मैदानों पर जनरेटर की व्यवस्था की जावे। सभी दुकानदारों से नगर निगम लायसेन्स शुल्क, भूमि किराया शुल्क और सफाई शुल्क वसूल करे। पटाखा लायसेंस देने के पूर्व भी पटाखा दुकान का बीमा अनिवार्य किया जावे। सभी पटाखा बाजार के मैदान पर फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियां खड़ी की जावे और नगर निगम मैदान पर पानी के टेंकरो की पर्याप्त व्यवस्था करे। उक्त पूर्ण मांग और जानकारी भाजपा नेता जगमोहन वर्मा ने दी।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला धार (म.प्र.)

फ़ोन-07292-234702 (E-mail-modgmdha@mp.gov.in)

पत्र क्रमांक/3828/खनिज/2026-27 धार दिनांक-23.10.2026

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए)

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मशाला एसोसिएट निवासी ओनेक्स 104 जल एनक्लेव सिल्वर स्प्रिंग फेस-2 बायपास मुंडला नायता इन्दौर म.प्र. के द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 03/08/2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 30/11/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन आनलाइन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन-ईखनिज पोर्टल https://ekanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नम्बर	पैकी रकबा हैक्टर में	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
धार	ग़ंधवानी	कालूखेडी	27/1/3	4.000	शासकीय भूमि	पत्थर/गिट्टी व मुरम एम-सेण्ड	
			कुल रकबा	**4.000**			

1 उपरोक्त प्रस्तुत आनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के सम्बंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

2 यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियमावली 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया समझा जाएगा।

3 यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4 यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।

5 निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

"जिला खनि अधिकारी"
खनिज शाखा
कार्यालय कलेक्टर जिला-धार

जी-20643/26

राज्य कुराश चैंपियनशिप में इंदौर के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक



इंदौर। दतिया में आयोजित 12वीं जूनियर राज्य कुराश चैंपियनशिप में इंदौर की श्री राम मार्शल आर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर शहर का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु समूहों और भार वर्गों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

पदक विजेताओं में लक्षिका वर्मा ने 40 किलोग्राम से कम भार वर्ग (ग्रुप-2), श्राष्टी तिवारी ने 57 किलोग्राम से कम (ग्रुप-2), नैवेद्य हार्डिया ने 90 किलोग्राम से अधिक (ग्रुप-2) और आकाश तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

वहीं क्वींस कॉलेज की हिमांशी वर्मा ने 33 किलोग्राम से कम (ग्रुप-1) और सिद्धि कुलकर्णी ने 52 किलोग्राम से कम (ग्रुप-2) भार वर्ग में रजत पदक जीता। मानव चौधरी ने 73 किलोग्राम से कम (ग्रुप-2) भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

प्रतियोगिता भारतीय कुराश संघ के कोषाध्यक्ष एवं अमेच्योर कुराश एसोसिएशन मध्यप्रदेश के महासचिव राहुल व्यास की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। अकादमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर महेश पुरोहित ने प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका निभाई।

न्यूज इन बॉक्स

इंदौर जिला रेनबुकान कराटे प्रतियोगिता होगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में 1 नवंबर को 22वीं इंदौर जिला रेनबुकान कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बालक एवं बालिकाएं भाग लेंगे। मास्टर सईद आलम ने बताया कि प्रतियोगिता में काता एवं कुमिते इवेंट आयोजित किए जाएंगे। दोनों इवेंट में बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले होंगे। उन्होंने इच्छुक खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से प्रतियोगिता संबंधी अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए मोबाइल नंबर 9926268683 पर संपर्क किया जा सकता है।

आज के युवा कल देश के सितारा खिलाड़ी होंगे : सिलावट



इंदौर। आज के युवा आने वाले कल के सितारा खिलाड़ी हैं। इन्हीं बच्चों पर देश का भविष्य टिका है। खिलाड़ी पूरी लगन से मेहनत करें और मैं विश्वास दिलाता हूं कि इन्हें सुविधाओं की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उक्त विचार मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रकाश हॉकी क्लब द्वारा आयोजित समाजसेवी स्व. डॉ. अंचल सिलावट स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नवोदित खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया जाता है। इस वर्ष 25 खिलाड़ियों को ट्रेक सूट और 25 खिलाड़ियों को हाकी स्टिक व गेंद वितरित की गई। यह सम्मान स्व. दादा की इच्छानुसार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. दादू महाराज, अमर नरसिंघानी, मीररंजन नेगी, अजय सारड़ा, पालिया के उपसरपंच आशीष तिवारी थे। अतिथियों का स्वागत सतीश अग्रवाल, राजेंद्र सिंह सिकरवार (वार्ड अध्यक्ष 42), अशोक यादव, सरवर खान, बालकिशन रायकवार, चंकी कुमावत, प्रेम प्रजापत, संदीप वर्मा, हरविंदर कौर, रजत सिंह सिसौदिया और जितेन्द्र भीलवारे ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रथमेश राजे सिलावट ने किया। आभार हलीम खान ने माना।

राशिद टी-20आई में 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज



शारजाह। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में राशिद ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। राशिद की इस उपलब्धि के साथ ही अजमतुल्लाह ओमरजई के शतक के दम पर अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को 19 रन से हराया। अफगान टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

राशिद खान ने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर के 120वें मैच में 200 विकेट का आंकड़ा छुआ। अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में इंग्लैंड के आदिल राशिद दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 153 मैचों में 171 विकेट दर्ज हैं। राशिद खान की खासियत यह है कि उन्होंने आदिल राशिद की तुलना में बेहद कम मुकाबलों में यह ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।

अफगानिस्तान के लिए राशिद लंबे समय से गेंदबाजी की सबसे बड़ी ताकत रहे हैं। उनकी लेग स्पिन, गुगली अभी भी बल्लेबाजों के लिए समझना मुश्किल है। इसके साथ ही दबाव में विकेट निकालने की क्षमता ने उन्हें दुनिया के सबसे अच्छे टी20 गेंदबाजों में शुमार करती है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में राशिद खान ने गेंद से भी अहम योगदान दिया। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस दौरान तादिवानाशे मारुमानी का विकेट उनके खाते में आया।

19 रन से जीता अफगानिस्तान

शारजाह में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन बनाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पावरप्ले के दौरान उसने महज 5 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद अजमतुल्लाह उमरजई ने पारी संभाली। उन्होंने 50 गेंदों पर 116 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 12 छक्के और 5 चौके शामिल थे। उन्होंने इजाज अहमदजई (52 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन की साझेदारी कर अफगानिस्तान को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

स्केटिंग खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

इंदौर। भोपाल में आयोजित 31वीं एमपी राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में इंदौर की अमय स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने क्वाड और इनलाइन दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अकादमी का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी चयन हासिल किया, जबकि एक खिलाड़ी ने स्टैंडबाय सूची में स्थान प्राप्त किया। क्वाड वर्ग में कियारा चोरडिया और प्रणीट सिंह ने 4–6 वर्ष आयु वर्ग में दो-दो रजत पदक जीते। दोनों खिलाड़ियों ने 2 लैप रिंक रेस और 3 लैप रिंक रेस में दूसरा स्थान हासिल किया। आर्यवर्धन रघुवंशी ने 6–8 वर्ष आयु वर्ग में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। इनलाइन वर्ग में नैना सिंह ने गर्ल्स कैडेट (8–10 वर्ष) श्रेणी में 1 लैप रोड रेस में स्वर्ण और ट्रैक की 1 लैफ्टडी रेस में रजत पदक जीता।

शिवांश खंडारे के गोल से मिली जीत

इंदौर। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में आयोजित 5वीं गोल्डन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट–2026 के तीसरे दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मेजबान गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने फाउंटेन हेड इंटरनेशनल स्कूल को 1-0 से हराकर अंडर-14 एवं अंडर-17 दोनों वर्गों में सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल की ओर से शिवांश खंडारे ने निर्णायक गोल दागकर टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। उनके इस शानदार गोल की बदौलत गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

इंदौर के अंकित म.प्र. फुटबाल टीम के कोच नियुक्त

इंदौर। इंदौर के फुटबॉल कोच एवं जिला फुटबाल संघ के चयन समिति के चेयरमैन अंकित चिराउंडे को एसजीएफआई (एसजीएफआई) मध्य प्रदेश की अंडर-17 बालक फुटबॉल टीम के राष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई । 26 से 31 अक्टूबर तक जिला श्योपुर में आयोजित प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी जिलों की स्कूल के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसके पश्चात मध्य प्रदेश की अंडर-17 बालक फुटबॉल टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बलिया, उत्तर प्रदेश के लिए रवाना होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 6 नवंबर तक आयोजित की जाएगी।

चौथे टी20 में होगा बदलाव

कुलदीप व वरुण को मिल सकता है मौका

ऑकलैंड । भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में भारतीय टीम में बदलाव होने की संभावना है। भारत 5 मैच की सीरीज में पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त ले चुका है। ऐसे में कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों को प्लेइंग 11 में शामिल किया जा सकता है। ईडन पार्क में लगभग 40,000 दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसा हुआ तो न्यूजीलैंड में किसी बाइलैटरल सीरीज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनेगा। पहले यह रिकॉर्ड 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की महिला और पुरुष टीमों के मैच के दौरान बना था। इस दौरान स्टेडियम में 36,523 दर्शक पहुंचे थे।

इस सीरीज में अब तक बल्लेबाजों का दबदबा रहा है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट की कोशिश बल्लेबाजी क्रम में गहराई रखनी की रही है। इसी वजह से ऑलराउंडर्स को ज्यादा मौके दिए गए हैं। हालांकि, चौथे मैच में अक्षर या नमन धीर को बाहर बैठाया जा सकता है।

चार साल के बाद टीम इंडिया में वापसी करने वाले भुवनेश्वर कुमार कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। इस सीरीज में उन्होंने कई नो बॉल डाली हैं। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कभी भी कोई नो गेंद नहीं की थी। उन्होंने वेलिंगटन में अंतिम ओवरों में यॉर्कर डालने की कोशिश की है, लेकिन उन्होंने 72 गेंदों पर 139 रन लुटा दिए हैं। प्रिंस यादव को मौका देने के लिए पिछले दो मैचों में मयंक यादव को प्लेइंग 11 से बाहर रखा गया है और चौथे मैच में भी ऐसा ही हो सकता है।

ईशान किशन के खेलने पर सस्पेंस

ईशान किशन ने चौथे टी20 से पहले नेट्स में बल्लेबाजी जरूर की है, लेकिन उनके खेलने पर सस्पेंस बना हुआ है। हालांकि, प्लेइंग 11 में उनकी वापसी होने पर वैभव एक बार फिर टीम से बाहर हो जाएंगे। पिछले मैच में वैभव ने अभिषेक शर्मा के साथ ऐतिहासिक ओपनिंग साझेदारी की थी। ऐसे में यदि वह प्लेइंग 11 का हिस्सा बनते हैं तो दोबारा पारी की शुरुआत करते नजर आ सकते हैं।

मारोठिया बाजार की किराना दुकान में भीषण आग

आधी रात के बाद तीन मंजिलों तक पहुंची लपटें

आग पर क़ाबू के लिए फायर ब्रिगेड की मशक्कत कई टैंकर से बहाया पानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

शहर के व्यस्त व्यापारिक क्षेत्र मारोठिया बाजार में बीती रात एक किराना दुकान में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दुकान की तीनों मंजिलें आधी रात के बाद चपेट में आ गईं। दुकान में भारी मात्रा में रखे डायपर और अन्य किराने के सामान के कारण आग लगातार भड़कती रही, जिससे काफी नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि समय रहते दमकल टीम ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे बड़ा



हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, घटना सराफा थाना क्षेत्र के मारोठिया बाजार स्थित बंटी शर्मा की रामगोपाल कन्हैयालाल किराना दुकान की है। दुकान में अचानक आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो उठे। बाजार का इलाका घनी दुकानों वाला होने के कारण आग के आसपास की अन्य दुकानों तक फैलने का गंभीर खतरा था। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए पहले आसपास की दुकानों को सुरक्षित किया और फिर आग बुझाने का काम शुरू किया। दुकान के अंदर डायपर और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग बार-बार भड़क रही थी, जिसे काबू करने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लगभग 30 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। शुरूआती जांच में आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के वास्तविक कारणों की सघन जांच कर रहे हैं। आगजनी की इस घटना में दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है।

युवती को कार में बैठाने की कोशिश में हंगामा

कंपनी के बाहर हुई हरकत का विरोध पर बकी गालियां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

गांधी नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ अभद्रता और रास्ते में रोककर हंगामा करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को जबरन कार में बैठने के लिए दबाव बनाया और विरोध करने पर गालियां देते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना गांधी नगर थाना अंतर्गत हातोद रोड पर स्थित शान फार्मा कंपनी के सामने की है। 25 वर्षीय पीड़िता ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब वह अपनी कंपनी में काम खत्म कर घर जाने के लिए बाहर निकली, तभी विजेन्द्र ठाकुर निवासी सुतार गली,हातोद अचानक उसके सामने आ गया।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी विजेन्द्र ने उसका रास्ता रोक लिया और जबरन अपनी कार में साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा। जब युवती ने कार से जाने से साफ इनकार करते हुए कहा कि वह अपनी बस से ही जाएगी, तो आरोपी भड़क गया। आरोपी ने गालियां देना शुरू कर दिया और और उत्तेजित होकर मौके पर शोर-शराबा व हंगामा करने लगा। गांधी नगर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी विजेन्द्र ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



चौपाटी पर कोबरा मचा हड़कम्प

घबराए लोगों ने हाथ भी जोड़े

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

विजय नगर चौराहा स्थित मंगलसिटी मॉल में स्थित चौपाटी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब करीब 4 फीट लंबा कोबरा सांप दुकान में जा घुसा। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने स्नैक रेस्क्यू करने वाले संदीप ठाकुर को सूचना दी और बुलाया।

बताया जा रहा है कि घटना बुधवार रात हुई जब मंगलसिटी मॉल की पार्किंग में बनी चौपाटी में एक नारियल पानी दुकान के समीप कोबरा नजर आया। आसपास के लोगों ने पहले खुद को बचाया और रेस्क्यू टीम को सूचना दी। संदीप ठाकुर ने सांप को सावधानी के साथ पकड़ा और जंगल में छोड़ दिया। जब उन्होंने सांप को पकड़ा तो वहां मौजूद घबराए लोगों ने सांप के नागदेवता के रूप में हाथ जोड़ लिए।

अरहर के खेत में गांजे की खेती पर पुलिस का छापा, 210 पौधे किए जब्त





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

ग्रामीण इलाके बडगोंदा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से की जा रही गांजे की खेती का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने लगभग 1 किलोमीटर पैदल चलकर खेतों के बीच दबिश दी और अरहर की फसल के आड़ में उगाए गए गांजे के 210 हरे पौधे जब्त किए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपए है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नाहरखोह, तेलनबर्डी निवासी मदन पिता बालूसिंह गिरवार अपने खेत में मुख्य फसल अरहर के बीच छिपाकर अवैध रूप से गांजे के पौधे उगा रहा है। सूचना मिलते ही बडगोंदा थाने की टीम ने दुर्गम रास्ते से पैदल चलकर खेत पर अचानक दबिश दी।छापेमारी के दौरान पुलिस ने खेत से 210 नग छोटे-बड़े हरे गांजे के पौधे बरामद किए, जिनका कुल वजन 67.400 किलोग्राम है और अनुमानित कीमत 3,00,000 रुपए है। पुलिस ने आरोपी मदन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

मंदिर के पास 30 हजार के गांजा के साथ आरोपी धराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



एरोड्रम थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए है।

पुलिस के अनुसार, रात्रिकालीन गश्त और 'शेडो एरिया' चेकिंग के दौरान पुलिस टीम बिजासन माता मंदिर के नीचे खुले मैदान में पहुंची थी। वहां एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर घबराकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान राजेंद्र सेन पिता जगदीश सेन, निवासी रुक्मिणी नगर, छोटा बांगड़दा रोड)के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास रखे पीले-सफेद झोले से 700 ग्राम गांजा मिला। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

धारदार हथियार से हमला, तीन घायल, टूल्स मांगने के विवाद में खूनी संघर्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के नवलखा स्थित आईडीए बिल्डिंग के पास टूल्स (औजार) के लेनदेन के मामूली विवाद को लेकर एक युवक पर हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों को भी आरोपियों ने धारदार हथियार से लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना संयोगितागंज थाना क्षेत्र के आईडीए बिल्डिंग, नवलखा की है। फरियादी अबरार मोहम्मद पिता मोहम्मद सईद, निवासी श्रमिक कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पड़ोसी कार गैरेज पर काम



करने वाला बाबू उनके पास टूल्स और पाने लेने आया था।फरियादी ने पुलिस को बताया कि टूल्स को लेकर हुई बात पर बाबू गाली-गलौज करने लगा। जब अबरार ने उसे गालियां देने से रोका, तो बाबू ने फोन करके अपने साथियों अलफेज राइन, अयान कुरैशी, रेहान सभी निवासी आजाद नगर को मौके पर बुला लिया। आरोपियों ने आते ही नुकीले और धारदार टूल्स से अबरार पर हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ की उंगली पर गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए उनके साथियों इमरान के दाहिने हाथ की उंगली व बाएं आंख के नीचे तथा भांजे रेहान के सिर में गंभीर चोटें आईं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।